RAJHIN/2014/55262

sancharjagat.com

खबरों व विज्ञापन
के लिए सम्पर्क करें
संचार जगत
मो.नम्बरः- +917357161599

संचार जगत

दैनिक समाचार पत्र

sancharjagat.com

editorial@sancharjagat.com

'सोच को इतना बड़ा रखो कि असफलता भी एक छोटा कदम लगे। सफलता कोई मंजिल नहीं, यह एक दिशा है। बड़ा सोचो, बड़ा करो।'

वर्षः 13 | अंकः 294 | जयपुर, शुक्रवार, 27 नवम्बर 2026 | मूल्यः 2.00 रूपए | पृष्ठः 4

▶ 30 नवंबर को लोकसभा और 2 दिसंबर को राज्यसभा की बैठक

संसद का विशेष सत्रः परिसीमन और महिला आरक्षण बिल पारित कराए जाने की संभावना

एनडीए सरकार के पास दो तिहाई बहुमत से ज्यादा लगभग 375 का नंबर पूरा, द्रमुक का खुला समर्थन, विपक्ष के कई दलों के सदस्य सदन से रह सकते हैं गैर मौजूद

नई दिल्ली/संचार जगत

संसद सत्र और परिसीमन विधेयक को लेकर चल रहा असमंजस खत्म हो गया है। सरकार ने सोमवार 30 नवंबर को लोकसभा और बुधवार 2 दिसंबर को राज्यसभा का विशेष सत्र बुलाने का एलान किया है। इस तरह से उसने परिसीमन बिल पारित कराने के लिए विशेष सत्र बुलाए जाने की घोषणा कर दी है।

संसद की इस विस्तारित बैठक का एजेंडा अभी घोषित नहीं किया गया है, लेकिन इसमें संदेह नहीं कि लोकसभा में सीटों की संख्या 50 प्रतिशत बढ़ाने के लिए परिसीमन से संबंधित संविधान संशोधन विधेयक लाने के लिए यह विशेष सत्र बुलाया जा रहा है। इसका संकेत संविधान दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से विशेष लेख में यह लिखे जाने से मिल गया था कि मैं नारी शक्ति को भरोसा दिलाता हूं कि उन्हें न्याय दिलाने के हमारे संकल्प को दुनिया की कोई ताकत रोक नहीं सकती। खास बात यह है कि इस बार विधेयक में लिखित रूप से यह शामिल होगा कि सभी राज्यों में 50 प्रतिशत सीटें बढ़ेंगी। सभी राज्यों में बढ़ने वाली सीटों की संख्या भी बताई जाएगी। सरकार के सत्र बुलाने के इस दांव के बाद परिसीमन बिल पर सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच जबरदस्त सियासी वार-पलटवार की तैयारियां शुरू हो गई हैं। सरकार महिला आरक्षण लागू करने की दलील के साथ परिसीमन बिल पारित कराने के लिए लोकसभा में दो तिहाई बहुमत जुटाने के लिए सियासी दांव-पेंच में कोई कसर नहीं छोड़ेगी, वहीं विपक्षी आइएनडीआईए गठबंधन परिसीमन बिल को रोकने के लिए फिर से पूरा जोर लगाएगा।



बिल पास कराने के लिए सरकार का गणित

सरकार बीते अप्रैल महीने में परिसीमन से संबंधित संविधान संशोधन विधेयक लोकसभा में लेकर आई थी, लेकिन वह दो तिहाई सांसदों का समर्थन नहीं जुटा पाई। विधेयक के पक्ष में 298 मत पड़े तो विरोध में 234 मत पड़े। सरकार दो तिहाई बहुमत के आंकड़े से दूर रह गई। हालांकि, बंगाल चुनाव में तृणमूल कांग्रेस की हार के बाद पार्टी में हुई टूट के बाद उसके 20 लोकसभा सदस्य राजग के सहयोगी के रूप में अब भाजपा के साथ जुड़ चुके हैं। इसी दरम्यान शिवसेना यूबीटी में भी तोड़फोड़ हुई और उसके छह लोकसभा सदस्य भाजपा के सहयोगी एकनाथ शिंदे की शिवसेना में शामिल हो चुके हैं। इस तरह भाजपा-राजग के पास इस समय घोषित रूप से 319 लोकसभा सदस्यों का समर्थन है और दो तिहाई आंकड़े के लिए करीब 360 सदस्यों की जरूरत है। शरद पवार की राकांपा के पास आठ तो द्रमुक के पास 22 लोकसभा सदस्य हैं। ये दोनों पार्टियां परिसीमन पर सरकार का साथ देती हैं तो यह आंकड़ा 349 पहुंच जाएगा और ऐसे में कुछ अन्य सदस्यों की व्यवस्था करना भाजपा सरकार के लिए मुश्किल नहीं होगा।

नारी शक्ति को न्याय दिलाने से कोई भी ताकत नहीं रोक सकती

संविधान दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिला आरक्षण के मुद्दे पर विपक्ष को फिर घेरा है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि नारी शक्ति को न्याय दिलाने से कोई ताकत नहीं रोक सकती। पीएम मोदी ने संविधान निर्माण में महिलाओं के योगदान को याद करते हुए कहा कि देश की संवैधानिक यात्रा उनके उल्लेख के बिना अधूरी है, लेकिन इसी के साथ उन्होंने इस साल संसद में महिला आरक्षण से जुड़ा विधेयक पास नहीं हो पाने पर विपक्ष को निशाने पर लिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस घटनाक्रम से देश को शर्मिंदगी महसूस होनी चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने संविधान दिवस के संदेश में कहा, हमारे संविधान की यात्रा उन असाधारण महिलाओं को याद किए बिना अधूरी रहेगी जिन्होंने इसे आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, लेकिन इस साल की शुरुआत में जो कुछ हुआ उससे हमारे मन में शर्म का भाव पैदा होना चाहिए। उन्होंने कहा, मैं भारत की नारी शक्ति को आश्वस्त करता हूं कि उन्हें न्याय दिलाना सुनिश्चित करने से कोई ताकत हमें रोक नहीं सकती।

भारती एयरटेल से छिना दूसरी सबसे कीमती कंपनी का ताज

एचडीएफसी बैंक ने दूसरी सबसे वैल्यूएबल कंपनी का स्थान हासिल किया

नई दिल्ली/संचार जगत

दलाल स्ट्रीट पर कंपनियों की मार्केट वैल्यू की रैंकिंग में आज बदलाव देखने को मिला है। एचडीएफसी बैंक ने भारती एयरटेल को पीछे छोड़ते हुए दूसरी सबसे वैल्यूएबल कंपनी का स्थान हासिल कर लिया है।

26 नवंबर को कारोबार बंद होने के बाद उपलब्ध शुरुआती एक्सचेंज आंकड़ों के मुताबिक, एचडीएफसी बैंक का मार्केट कैप बढ़कर 13,37,726.7 करोड़ रुपए हो गया, जबकि भारती एयरटेल का मार्केट कैप 13,05,512.8 करोड़ रुपए रहा।

इस तरह एचडीएफसी बैंक ने मार्केट वैल्यू के मामले में एयरटेल को पीछे छोड़ दिया। इससे एक दिन पहले यानी 25 नवंबर को स्थिति बिल्कुल अलग थी। उस दिन एचडीएफसी बैंक का मार्केट कैप 13,02,614.7 करोड़ रुपए था, जबकि भारती एयरटेल का मार्केट कैप 13,21,675.7 करोड़ रुपए था। उस समय मार्केट कैप के मामले में भारती एयरटेल केवल रिलायंस इंडस्ट्रीज से पीछे थी, जिसका मार्केट कैप 18,57,476.3 करोड़ रुपए था। जब भी हम शेयर मार्केट में किसी कंपनी की वैल्यू या उसकी रैंकिंग की बात करते हैं, तो मार्केट कैपिटलाइजेशन (एमकैप) का जिक्र जरूर होता है।



मार्केट कैप के हिसाब से टॉप 10 कंपनियां

रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड, एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, भारती एयरटेल लिमिटेड, जियो प्लेटफॉर्म्स लिमिटेड, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज लिमिटेड, बजाज फाइनेंस लिमिटेड, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज और लार्सन एंड टुब्रो टॉप टेन में शामिल हैं।

▶ विदेशी निवेशकों की लिवाली से बाजार को मिला समर्थन

सेंसेक्स में 390 अंक की उछाल निफ्टी भी 25,884 के पार पहुंचा

नई दिल्ली/संचार जगत

घरेलू शेयर बाजारों में तेजी का सिलसिला गुरुवार को लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में जारी रहा। आईटी कंपनियों के शेयरों में जोरदार खरीदारी और विदेशी निवेशकों की लगातार लिवाली से बाजार को मजबूती मिली।

कारोबार के अंत में बीएसई सेंसेक्स 390 अंक से अधिक की बढ़त के साथ बंद हुआ, जबकि एनएसई निफ्टी में भी तेजी दर्ज की गई। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 390.31 अंक यानी 0.46 प्रतिशत बढ़कर 84,328.59 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 613.46 अंक उछलकर 84,551.74 अंक तक पहुंच गया था। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 65.25 अंक यानी 0.25 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,884.50 अंक पर बंद हुआ।



नवंबर में सेंसेक्स और निफ्टी की शानदार बढ़तः नवंबर महीने में अब तक शेयर बाजार ने शानदार प्रदर्शन किया है। सेंसेक्स कुल 9,869.06 अंक यानी 13.25 प्रतिशत चढ़ चुका है, जबकि निफ्टी में 2,831.4 अंक यानी 12.28 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई है। व्यापक बाजार में भी खरीदारी का रुख देखने को मिला। बीएसई स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.78 प्रतिशत और मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.65 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुए।

कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट

ब्रेंट क्रूड 93.86 डॉलर पर

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 0.79 प्रतिशत गिरकर 93.86 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। बाजार में उतार-चढ़ाव के बीच कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट को भी निवेशकों ने राहत के रूप में देखा।

एचसीएल टेक के शेयरों में सबसे ज्यादा तेजी

सेंसेक्स की कंपनियों में एचसीएल टेक का शेयर सबसे अधिक 6.28 प्रतिशत चढ़ा। इसके अलावा टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) में 4.97 प्रतिशत, इन्फोसिस में 4.70 प्रतिशत और टेक महिंद्रा में 3.33 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। एचडीएफसी बैंक और टाटा स्टील के शेयर भी बढ़त के साथ बंद हुए। दूसरी ओर, एशियन पेंट्स, बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व और ट्रेंट के शेयरों में गिरावट रही। क्षेत्रवार प्रदर्शन की बात करें तो आईटी खंड में सबसे अधिक 3.41 प्रतिशत की तेजी रही। रियल्टी खंड 3.33 प्रतिशत, फोकस्ड आईटी तीन प्रतिशत, धातु 1.15 प्रतिशत, बिजली 0.71 प्रतिशत और जिंस खंड 0.73 प्रतिशत चढ़कर बंद हुए। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 4,479.08 करोड़ रुपये के शेयरों की शुद्ध खरीदारी की। विदेशी निवेशकों की इस खरीदारी ने बाजार को मजबूती देने में अहम भूमिका निभाई।

पैकेट वाले खाने पर बतानी होगी टोटल शुगर की मात्रा

सुप्रीम कोर्ट का बड़ा आदेश, तीन अलग-अलग चेतावनी वाले निशान लगाने होंगे

नई दिल्ली/संचार जगत

सुप्रीम कोर्ट ने पैकेट में बिकने वाले खाने की चीजों को लेकर कहा है कि जिन खाद्य पदार्थों में फैट, शुगर या नमक की मात्रा तय सीमा से ज्यादा है, उनके पैकेट के सामने अलग-अलग चेतावनी वाले निशान लगाने होंगे।

इन निशानों के जरिए ग्राहकों को आसानी से पता चल सकेगा कि किसी खाने में फैट, शुगर या नमक कितना ज्यादा है। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस के विनोद चंद्रन की बेंच ने केंद्र सरकार और भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) को इस व्यवस्था को सही तरीके से लागू करने के निर्देश दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि हर चेतावनी का निशान लाल रंग के षटकोण (छह कोने वाले निशान) के रूप में होना चाहिए। इस पर संबंधित जानकारी और तस्वीर भी होनी चाहिए। जैसे हाई फैट, हाई शुगर या हाई सॉल्ट। यानी अगर किसी पैकेट में फैट, शुगर और नमक तीनों की मात्रा तय सीमा से ज्यादा है, तो उसके लिए तीन अलग-अलग चेतावनी वाले निशान लगाने होंगे। एक ही निशान में तीनों की जानकारी देना काफी नहीं होगा।



हाई फैट, शुगर और नमक की जानकारी देना जरूरी

पैकेट पर निशान का आकार क्या होगा

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि हर लाल निशान का आकार पैकेट के मुख्य हिस्से का करीब 4 से 5 फीसदी होना चाहिए, ताकि ग्राहक खरीदारी के समय इसे आसानी से देख सकें। इसके अलावा निशान के अंदर लिखे शब्दों का आकार भी ऐसा होना चाहिए कि सामान्य रोशनी में उन्हें आसानी से पढ़ा जा सके। कोर्ट ने केंद्र सरकार को 2020 के फूड सेफ्टी और लेबलिंग नियमों को भी सही तरीके से लागू करने का निर्देश दिया है।

भारत में पाकिस्तानी वेब सीरीज पर लगा प्रतिबंध

नई दिल्ली/संचार जगत

➲ केंद्र सरकार ने नेटफ्लिक्स को दी चेतावनी

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स से यह सुनिश्चित करने को कहा है कि पाकिस्तान में बने किसी भी कंटेंट की भारत में स्ट्रीमिंग न हो।

मंत्रालय का यह निर्देश 8 मई 2025 को जारी किए गए उसके पुराने आदेश के अनुरूप है। रिपोर्ट के मुताबिक, मंत्रालय ने नेटफ्लिक्स को पिछले साल जून में किए गए उसके अपने वादे का सम्मान करने के लिए कहा है। उस समय स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म ने मंत्रालय को सूचित किया था कि भारत में उसके सब्सक्राइबर्स के लिए पाकिस्तान से जुड़ी कोई भी फिल्म या वेब सीरीज उपलब्ध नहीं कराई गई है।

शरद पवार की फिर तबीयत बिगड़ी

मुंबई, आरएनएन। एनसीपी (एसपी) चीफ शरद पवार की तबीयत एक बार फिर खराब हो गई है। उनकी बेटी और सुप्रिया सुले ने बताया कि उनके पिता को मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। 85 वर्षीय शरद पवार की तबीयत की जानकारी मिलते ही सुप्रिया मीटिंग छोड़कर हॉस्पिटल के लिए रवाना हुईं। सुप्रिया सुले ने कहा, बाबा को ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कर रही हूं।

ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती

सलमान खान और राजश्री पान मसाला को नोटिस

नई दिल्ली/संचार जगत

याचिका में सवाल, 5 रुपए के पैकेट में चार लाख/किलो का केसर कैसे

बॉलीवुड एक्टर सलमान खान और राजश्री पान मसाला के विज्ञापन से जुड़ा उपभोक्ता विवाद एक बार फिर कानूनी मोड़ पर पहुंच गया है।

राजस्थान राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग की सर्किट बेंच जोधपुर में दायर पुनरीक्षण याचिका पर सुनवाई करते हुए आयोग ने एक्टर सलमान खान और राजश्री पान मसाला को नोटिस जारी किए हैं। मामले में अगली सुनवाई अगले साल 19 जनवरी को तय की गई है। याचिकाकर्ता के वकील ने बताया कि मामले में मुख्य विवाद उत्पाद के विज्ञापन में किए जाने वाले दावों और सेलिब्रिटी एंडोर्समेंट को लेकर है।

सोना 1,500 रुपये हुआ मजबूत, चांदी रही स्थिर

नई दिल्ली/संचार जगत

रुपये में गिरावट और निचले स्तर पर लिवाली बढ़ने से राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में गुरुवार को सोने की कीमत 1,500 रुपये बढ़कर 1,27,500 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। स्थानीय कारोबारियों के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव बुधवार के बंद स्तर 1,26,000 रुपये प्रति 10 ग्राम से 1,500 रुपये बढ़कर 1,27,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। हालांकि, चांदी की कीमत 1.50 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही, जो इसका एक साल का निचला स्तर है।



कारोबारियों ने कहा कि डॉलर के मुकाबले रुपये के कमजोर होकर 92.44 पर आने से घरेलू बाजार में सोने की कीमतों को समर्थन मिला।

आनंद मोहन की रिहाई रद्द, एक महीने में करना होगा सरेंडर

नई दिल्ली, आरएनएन। सुप्रीम कोर्ट ने बिहार के पूर्व सांसद आनंद मोहन की रिहाई रद्द करते हुए उन्हें एक महीने के भीतर सरेंडर करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने बिहार सरकार की जेल नियमावली में किए गए उस संशोधन को असंवैधानिक ठहराया, जिसके आधार पर उन्हें 2023 में रिहा किया था। आनंद गोपालगंज के तत्कालीन जिलाधिकारी जी. कृष्णैया की 1994 में हुई हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे थे। जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस शील नागू की पीठ ने जी. कृष्णैया की पत्नी उमा कृष्णैया की याचिका पर यह फैसला सुनाया।

सबसे बड़ा दानी भगवान वेंकटेश्वर को 206 करोड़ के 121 किलो सोने के आभूषण भेंट किए

जैन दंपति ने किया आज तक का सबसे बड़ा दान

नई दिल्ली/संचार जगत

चेन्नई के एक दंपति वर्धमान जैन और राधिका जैन ने भगवान वेंकटेश्वर को 206 करोड़ रुपये मूल्य के 121 किलोग्राम सोने और हीरे के आभूषण भेंट किए।

इनकी कीमत करीब 206 करोड़ रुपए है। दान मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू की मौजूदगी में हुआ। दान में 9 सेट में रखे 45 जेवर और 238.2 कैरेट के हीरे शामिल हैं। दंपती ने मंदिर में भगवान वेंकटेश का मुकुट और पैरों के आभूषण भी चढ़ावे में दिए। टीटीडी के मुताबिक, तिरुमला में भगवान वेंकटेश्वर को किसी एक भक्त की ओर से दिया गया यह अब तक का सबसे बड़ा चढ़ावा है। दान किए गए रत्नों और आभूषणों में से 106 किलो सोने के आभूषण भगवान के लिए थे, जबकि देवी श्री पद्मावती अम्मावरु को 15 किलो वजन के आभूषण/पोशाक भेंट की गईं।



15 महीने में बने भगवान के 45 आभूषण

दिलचस्प बात यह है कि भक्त द्वारा भेंट किया गया 121 किलोग्राम सोना, तिरुमाला मंदिर के गर्भगृह में मुख्य देवता को सजाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले आभूषणों के कुल वजन के बराबर है। इस सोने से नौ सेटों में 45 आभूषण तैयार करने में लगभग 15 महीने का समय लगा। कई साल पहले अमेरिका जाने से पहले, इस भक्त ने सफलता के लिए भगवान वेंकटेश्वर से प्रार्थना की थी। बाद में उन्होंने एक आईटी कंपनी शुरू की और एक सफल उद्यमी बन गए। हाल ही में, अपनी कंपनी में 60 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने के बाद उन्हें 6,000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि मिली। इस सौदे के बाद, उन्होंने अपनी संपत्ति का एक हिस्सा सामाजिक कार्यों के लिए समर्पित करने और भगवान वेंकटेश्वर के प्रति अपना पुराना संकल्प पूरा करने के लिए उन्हें भेंट देने का निर्णय लिया।

संपादकीय

मृत्युदंड को खत्म करने के खतरे

हाल में संयुक्त राष्ट्र महासभा की समिति में मृत्युदंड के क्रियान्वयन पर रोक लगाने से संबंधित प्रस्ताव पर हुए मतदान ने एक बार फिर इस विषय को वैश्विक विमर्श के केंद्र में ला दिया। मेक्सिको द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव के पक्ष में 133 देशों ने मतदान किया, जबकि 33 देशों ने इसका विरोध किया और 16 देश मतदान से दूर रहे। भारत ने भी विरोध में मतदान किया। यह पहला अवसर नहीं, जब भारत ने इस तरह के प्रस्ताव का विरोध किया हो। 2007 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा मृत्युदंड के क्रियान्वयन पर रोक लगाने संबंधी पहला प्रस्ताव आने के बाद से 2024 तक प्रत्येक अवसर पर भारत ने ऐसे प्रस्तावों के विरोध में अपना मत दर्ज कराया है। हालांकि भारत में मृत्युदंड को समाप्त करने का प्रश्न स्वतंत्रता के बाद से ही विधायी और संवैधानिक विमर्श का विषय रहा है। स्वतंत्रता के तत्काल बाद भारतीय दंड संहिता की धारा-53 में संशोधन कर मृत्युदंड समाप्त करने से संबंधित एक विधेयक गृह मंत्रालय की स्थायी सलाहकार समिति के समक्ष भेजा गया। विधेयक खारिज होने के बाद संविधान सभा के सदस्य जेडएच लारी ने संविधान में नया अनुच्छेद 11-बी जोड़ने का संशोधन प्रस्तुत किया। इसके अंतर्गत हिंसा के प्रयोग से जुड़े राजद्रोह को छोड़कर मृत्युदंड समाप्त करने का प्रस्ताव रखा गया। इस पर अमियो कुमार घोष ने कहा कि वे सैद्धांतिक रूप से मृत्युदंड समाप्त करने के पक्ष में हैं, लेकिन इसे संविधान में शामिल करने के पक्ष में नहीं हैं। उनका तर्क था कि ऐसा प्रविधान संविधान में शामिल करने से राज्य के हाथ बंध जाएंगे और भविष्य में परिस्थितियों के अनुसार मृत्युदंड देने का विकल्प उपलब्ध नहीं रहेगा। दूसरी ओर के. हनुमंथैया ने लारी के संशोधन का विरोध करते हुए कहा कि समाज केवल अपराधी के सुधार पर आधारित नहीं है, बल्कि दंड का भय भी अपराध नियंत्रण का एक महत्वपूर्ण आधार है। उनके अनुसार तत्कालीन परिस्थितियों में राज्य की सुरक्षा और समाज की स्थिरता की दृष्टि से मृत्युदंड समाप्त करना उचित नहीं था। अंततः लारी का संशोधन मतदान में अस्वीकृत हो गया। इसके बाद भी वर्ष 1952 से 1962 के बीच इस उद्देश्य से संसद में छह अवसरों पर पहल की गई। संसद में हुई इन पहलों के बाद मृत्युदंड के प्रश्न को विधि आयोग के विचारार्थ भेजा गया। विधि आयोग ने 1967 में अपनी 35वीं रिपोर्ट 'कैपिटल पनिशमेंट' प्रस्तुत की। आयोग ने स्पष्ट किया कि 'भारत मृत्युदंड समाप्त करने का प्रयोग करने का जोखिम नहीं उठा सकता।' मृत्युदंड के औचित्य पर आयोग ने कहा, 'मृत्युदंड का निवारक उद्देश्य उसका सबसे महत्वपूर्ण उद्देश्य है और यही उसके पक्ष में सबसे मजबूत औचित्य है।'

आयोग ने भारतीय परिस्थितियों में मृत्युदंड बनाए रखने की सिफारिश की। मृत्युदंड को लेकर भारत में प्राचीन काल से ही संवेदनशीलता और गंभीरता के साथ चिंतन-मनन होता रहा है। महाभारत के शांतिपर्व में राजा द्युमत्सेन और उनके पुत्र सत्यवान के बीच इस विषय पर संवाद मिलता है। जब राजा द्युमत्सेन के आदेश पर कुछ अपराधियों को मृत्युदंड देने के लिए लाया गया, तब सत्यवान ने इसका विरोध करते हुए कहा, 'कभी धर्म अधर्म का रूप धारण कर लेता है और अधर्म धर्म का, किंतु किसी प्राणी की हत्या को धर्म नहीं कहा जा सकता।'

ढाका से रिश्ते पटरी पर लाने की चुनौती

शेख हसीना के शासनकाल में भारत और बांग्लादेश के संबंधों में उल्लेखनीय प्रगति हुई। दोनों देशों ने कई लंबित विवादों को सुलझाने के साथ-साथ व्यापार, ऊर्जा, सुरक्षा और संपर्क के क्षेत्रों में सहयोग का विस्तार किया। बांग्लादेश ने भी भारत की सुरक्षा संबंधी चिंताओं को समझते हुए पूर्वोत्तर भारत में सक्रिय उग्रवादी संगठनों के खिलाफ भी सहयोग किया। इसके बदले भारत ने बांग्लादेश के विकास के लिए ऋण सहायता, बुनियादी ढांचा विकास, संपर्क परियोजनाओं और व्यापारिक अवसरों के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एक समय भारत-बांग्लादेश संबंधों को दक्षिण एशिया में सफल द्विपक्षीय सहयोग का आदर्श उदाहरण माना जाता था, लेकिन अगस्त 2024 में व्यापक घरेलू अशांति के बाद शेख हसीना की सत्ता से विदाई ने इस रिश्ते की दिशा बदल दी।



मई 2014 में केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली राजग सरकार के सत्ता संभालने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'पड़ोस प्रथम' नीति को विदेश नीति की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल किया था। इस नीति का मूल उद्देश्य भारत के पड़ोसी देशों के साथ राजनीतिक, आर्थिक और सुरक्षा संबंधों को मजबूत बनाना तथा भारत की आर्थिक प्रगति का लाभ पूरे दक्षिण एशिया तक पहुंचाना था। इसके पीछे यह समझ भी थी कि भारत का वैश्विक शक्ति के रूप में उभार तभी अधिक प्रभावी और टिकाऊ हो सकता है, जब उसका निकटवर्ती क्षेत्र शांतिपूर्ण, स्थिर और आर्थिक रूप से समृद्ध हो।

हालांकि पिछले 12 वर्षों में पड़ोसी देशों के साथ भारत के संबंधों में कई उतार-चढ़ाव आए, लेकिन हाल के घटनाक्रम बताते हैं कि भारत अधिकांश पड़ोसी देशों के साथ अपने रिश्तों को बेहतर बनाने में सफल रहा। नेपाल के प्रधानमंत्री की नई दिल्ली यात्रा इसका ताजा प्रमाण है। अब बांग्लादेश एकमात्र ऐसा प्रमुख पड़ोसी देश है, जिसके साथ संबंधों को सामान्य बनाना भारत के लिए बड़ी चुनौती बना हुआ है। शेख हसीना के शासनकाल में भारत और बांग्लादेश के संबंधों में उल्लेखनीय प्रगति हुई। दोनों देशों ने कई लंबित विवादों को सुलझाने के साथ-साथ व्यापार, ऊर्जा, सुरक्षा और संपर्क के क्षेत्रों में सहयोग का विस्तार किया। बांग्लादेश ने भी भारत की सुरक्षा संबंधी चिंताओं को समझते हुए पूर्वोत्तर भारत में सक्रिय उग्रवादी संगठनों के खिलाफ भी सहयोग किया। इसके बदले भारत ने बांग्लादेश के विकास के लिए ऋण सहायता, बुनियादी ढांचा विकास, संपर्क परियोजनाओं और व्यापारिक अवसरों के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एक समय भारत-बांग्लादेश संबंधों को दक्षिण एशिया में सफल द्विपक्षीय सहयोग का आदर्श उदाहरण माना जाता था, लेकिन अगस्त 2024 में व्यापक घरेलू अशांति के बाद शेख हसीना की सत्ता से विदाई ने इस रिश्ते की दिशा बदल दी। मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार के गठन के बाद दोनों देशों के बीच अविश्वास बढ़ने लगा।

बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों और विशेषकर हिंदुओं की सुरक्षा, भारत विरोधी बयानबाजी, सीमा से जुड़ी घटनाओं और बाहरी शक्तियों के बढ़ते प्रभाव को लेकर भारत की चिंताएं सामने आईं। परिणामस्वरूप दोनों देशों के संबंधों में ऐसी गिरावट आई, जिसकी कुछ समय पहले कल्पना करना भी कठिन था। बांग्लादेश में चुनाव के बाद तारिक रहमान के नेतृत्व में नई सरकार के गठन से भारत को उम्मीद थी कि द्विपक्षीय संबंधों को नई दिशा मिलेगी। नई दिल्ली ने भी सकारात्मक संकेत देते हुए संबंधों को फिर से पटरी पर लाने की इच्छा व्यक्त की, लेकिन अब तक राजनीतिक नेतृत्व में बदलाव का असर दोनों देशों के संबंधों में अपेक्षित सुधार के रूप में दिखाई नहीं दिया है। बांग्लादेश के विपरीत मालदीव के साथ भारत के संबंधों में हाल के वर्षों में सकारात्मक बदलाव आया। राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू जब 2023 में 'इंडिया आउट' अभियान के आधार पर सत्ता में आए, तब दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया था। धीरे-धीरे दोनों देशों ने संबंधों को सामान्य बनाने की दिशा में कदम उठाए।

अब आर्थिक सहयोग, विकास सहायता और व्यापार को बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। दोनों देशों को यह अहसास है कि हिंद महासागर में उनकी भौगोलिक निकटता और साझा हित एक स्थिर साझेदारी की मांग करते हैं। श्रीलंका के साथ भारत के संबंधों में सुधार भी पड़ोस प्रथम नीति की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। आर्थिक संकट से पहले श्रीलंका ने चीन के साथ अपने आर्थिक और रणनीतिक संबंधों को काफी विस्तार दिया था, लेकिन 2022 में श्रीलंका के गंभीर आर्थिक संकट और उसके बाद उत्पन्न राजनीतिक अस्थिरता ने स्पष्ट कर दिया कि संकट के समय भरोसेमंद पड़ोसी का सहयोग कितना महत्वपूर्ण होता है। भारत ने उस कठिन दौर में वित्तीय और आवश्यक सामग्री के रूप में व्यापक सहायता उपलब्ध कराई। इस मदद ने श्रीलंका में भारत की भूमिका के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने में योगदान दिया। इसके बाद दोनों देशों ने आर्थिक, समुद्री और सुरक्षा सहयोग को मजबूत करने की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। नेपाल के साथ संबंध भी पटरी पर लौट रहे हैं। वहां के प्रधानमंत्री बालेन शाह की हालिया भारत यात्रा ने द्विपक्षीय संबंधों को नई दिशा देने का अवसर उपलब्ध कराया है। इस दौरान विकास सहायता, बुनियादी ढांचे, संपर्क, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी और सांस्कृतिक सहयोग से जुड़े कई समझौतों और पहलों पर सहमति बनी।

स्पष्ट है कि भारत की पड़ोस प्रथम नीति ने कई क्षेत्रों में सकारात्मक परिणाम दिए हैं। जहां, श्रीलंका, मालदीव और नेपाल के साथ भारत के संबंधों में व्यापक सुधार हुआ, वहीं भूटान सहित अन्य पड़ोसी देशों के साथ भी सहयोग का आधार निरंतर मजबूत बना हुआ है। हालांकि पाकिस्तान के चलते दक्षिण एशिया की राजनीतिक परिस्थितियां अब भी जटिल हैं। ऐसे समय में बांग्लादेश के साथ संबंधों में तनाव भारत के लिए अतिरिक्त चिंता का विषय है। बांग्लादेश का महत्व केवल द्विपक्षीय व्यापार तक सीमित नहीं है। बांग्लादेश की सक्रिय भागीदारी के बिना बिम्सटेक जैसे क्षेत्रीय मंचों की क्षमता का पूरा उपयोग करना भी कठिन होगा।

अवैध अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार

संचार जगत



जोधपुर। लूणी रेलवे स्टेशन पर पुलिस एवं रेलवे सुरक्षा बल की संयुक्त टीम ने अवैध अंग्रेजी शराब की खेप जब्त की है। कार्रवाई के दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस के अनुसार 25 नवंबर को जैसलमेर-साबरमती एक्सप्रेस में गश्त एवं चेकिंग के दौरान ट्रेन के ए-1 कोच में शौचालय की गैलरी के पास रखे तीन ट्रॉली बैग की तलाशी ली गई।

बैगों से अलग-अलग ब्रांड की अवैध अंग्रेजी शराब की 71 बोतलें एवं 40 क्वार्टर बरामद हुए। पुलिस ने मौके से कमल किशोर सोनी को गिरफ्तार किया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, शराब को गुजरात ले जाया जा रहा था।

राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद की ओर से विद्यालयों में नशामुक्ति कार्यशालाएं आयोजित

संचार जगत



लालसोट। राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद की ओर से तंबाकू मुक्त युवा अभियान 4.0 चलाया जा रहा है। इसके तहत विद्यार्थियों एवं युवाओं को तंबाकू तथा अन्य नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में ब्लॉक के विभिन्न विद्यालयों में नशामुक्ति जागरूकता कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है।


इसी कड़ी में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय कल्यावाली ढाणी एवं राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय शिवनंदा में नशामुक्ति कार्यशालाएं आयोजित की गईं। कार्यक्रम में सरकार की ओर से संचालित नशामुक्ति अभियान की सराहना करते हुए इसे स्वस्थ एवं सशक्त समाज के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया गया।

इस दौरान युवाओं से अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने तथा अपने परिवार एवं समाज को भी नशामुक्ति के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को ऑनलाइन नशामुक्ति की शपथ दिलवाई गई तथा पोर्टल के माध्यम से शपथ प्रमाण-पत्र डाउनलोड करवाए। इस दौरान विद्यार्थियों से स्वयं नशे से दूर रहने और अपने आसपास के लोगों को भी नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करने की अपील की।

कार्यशालाओं में विद्यार्थी, संस्था प्रधान, विद्यालय कार्मिक एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

लिफ्ट में 15 मिनट तक फंसे रहेः जोगाराम पटेल

संचार जगत



जोधपुर। जोधपुर नगर निगम कार्यालय में सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब कैबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल करीब 15 लोगों के साथ निगम की लिफ्ट में फंस गए।

लिफ्ट पहली मंजिल पर अटक गई, जिसके बाद मौके पर मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों में अफरातफरी का माहौल बन गया। आनन-फानन में टेक्निशियन को मौके पर बुलाया गया और करीब 15 मिनट की मशक्कत के बाद लिफ्ट का दरवाजा खोलकर मंत्री समेत सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। जोगाराम पटेल नगर निगम बोर्ड के गठन के बाद नवनिर्वाचित बोर्ड की पहली बैठक में शामिल होने के लिए कार्यालय पहुंचे थे। बैठक सभागार तीसरी मंजिल पर स्थित होने के कारण वे अपने समर्थकों और अन्य लोगों के साथ लिफ्ट में सवार हुए, लेकिन लिफ्ट ऊपर जाने के बजाय पहली मंजिल पर ही रुक गई। तत्काल तकनीकी टीम और टेक्निशियन को बुलाकर लिफ्ट को ठीक कराया गया। करीब 15 मिनट बाद बाहर निकलने पर मंत्री जोगाराम पटेल दूसरी लिफ्ट का उपयोग कर तीसरी मंजिल स्थित बैठक कक्ष में पहुंचे।

श्रीनाथजी के दर्शन के बीच बिगड़ी जगदीप धनखड़ की तबीयत

संचार जगत



नाथद्वारा। राजसमंद जिले के दौरे पर पहुंचे देश के पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की अचानक तबीयत बिगड़ने से प्रशासन और उनके समर्थकों में हड़कंप मच गया। धनखड़ अपने राजसमंद प्रवास के तहत नाथद्वारा स्थित श्रीनाथजी के मंदिर में दर्शन करने पहुंचे थे।

सुबह मंगला दर्शन के दौरान उन्हें अचानक घबराहट और बेचैनी महसूस हुई, जिसके बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई। मंदिर परिसर में मौजूद अधिकारियों और सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें तुरंत प्राथमिक सहायता उपलब्ध कराई और तत्काल नाथद्वारा अस्पताल भिजवाया। अस्पताल पहुंचने के बाद डॉक्टरों की टीम ने जगदीप धनखड़ का प्रारंभिक इलाज शुरू किया। एहतियात और गहन स्वास्थ्य जांच के तौर पर डॉक्टरों ने उन्हें कुछ देर के लिए अस्पताल के आईसीयू में ऑब्जरवेशन के तहत रखा। उपचार और आराम के बाद उनकी तबीयत में संतोषजनक सुधार पर जगदीप धनखड़ को अस्पताल से डिस्चार्ज कर उदयपुर एयरपोर्ट के लिए रवाना किया गया।

लंबी कानूनी लड़ाई के बाद भी पंद्रह साल पुराने हत्याकांड के सभी आरोपी दोषमुक्त

संचार जगत

जयपुर। बहुचर्चित आइसक्रीम पार्लर संचालक सुखराम आनंद अपहरण और हत्याकांड में 15 साल की लंबी कानूनी लड़ाई के बाद विशेष अदालत बम ब्लास्ट केस कोर्ट ने सभी पांच आरोपियों को बाइज्जत बरी कर दिया है। अदालत ने पुलिस की जांच प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाते हुए माना कि अभियोजन पक्ष परिस्थितिजन्य साक्ष्यों की कड़ियां जोड़ने में पूरी तरह विफल रहा है। मामला 5 नवंबर 2011 का है जिसमें परिवादी कवल आनंद ने विधायकपुरी थाने में अपने चचेरे भाई सुखराम आनंद की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। सुखराम एमआई रोड पर आनंद आइसक्रीम पार्लर चलाते थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर रामदेव टिक्कीवाल, उनकी पत्नी, नौकर रामस्वरूप तथा दोस्त भरत सिंह और सईद मोहम्मद को गिरफ्तार किया। इस मामले में परिस्थितिजन्य साक्ष्यों की कड़ियां न जुड़ने के कारण न्यायालय ने रामदेव टिक्कीवाल, उनकी पत्नी, नौकर रामस्वरूप, भरत सिंह और सईद मोहम्मद को दोषमुक्त करार दिया।

जयपुर में सरकारी पुलिस वाहन में शराब पार्टी का वीडियो वायरल

जयपुर। जयपुर में सरकारी पुलिस वाहन में शराब पार्टी करने और उसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पांच युवकों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की है। आरोप है कि युवकों ने सरकारी पुलिस वाहन में अनधिकृत रूप से प्रवेश कर शराब का सेवन किया और राजकीय उपकरणों के साथ छेड़छाड़ कर वीडियो बनाया। इसके बाद वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व रंजीता शर्मा ने बताया कि पुलिस थाना एसएमएस अस्पताल के सरकारी वाहन में शराब पार्टी का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद मामले की जांच करवाई गई। जांच में सामने आया कि 13 सितंबर 2026 को एसएमएस अस्पताल थाना क्षेत्र स्थित सवाना बार के बाहर सरकारी वाहन में शराब पीकर वीडियो बनाया गया था।

आज मलेशिया के खिलाफ सेमीफाइनल में जीत का परचम लहराने उतरेगा भारत

नई दिल्ली/संचार जगत

अब तक शानदार प्रदर्शन करने वाली भारतीय टीम महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी टूर्नामेंट में मलेशिया के खिलाफ शुक्रवार को यहां होने वाले सेमीफाइनल में अपना दबदबा कायम रखते हुए खिताबी हैट्रिक पूरी करने के एक कदम और करीब पहुंचने की कोशिश करेगी। भारत ने लीग चरण के पांचों मैच जीते हैं और वह कुल मिलाकर 14 मैचों से अजेय है। अपने इस शानदार प्रदर्शन ने वह विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर पहुंचने में भी सफल रही है। भारत का लक्ष्य लगातार तीन एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी खिताब जीतने वाली पहली टीम बनना है। उसने 2023 और 2024 में क्रमशः रांची और राजगीर में ट्रॉफी जीती थी।



भारत ने अभी तक नहीं हारा कोई मैच

सेमीफाइनल में भारतीय टीम प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगी। उसने राउंड-रॉबिन मुकाबले में मलेशिया को 4-1 से हराया था। इसके अलावा भारत ने थाईलैंड को 7-0, जापान को 4-0 से, दक्षिण कोरिया पर 2-1 से और चीन को 6-2 से पराजित किया था।

सभी खिलाड़ियों के प्रदर्शन ने किया प्रभावित

दीपिका सहरावत, लालरेम्सियामी, नेहा, कप्तान सलीमा टेटे, मुमताज खान और पूजा साहू ने अब तक अपने खेल से प्रभावित किया है। अनुभवी फॉरवर्ड नवनीत कौर ने भी गोल करने के अवसर पैदा करने की अपनी क्षमता का अच्छा नमूना पेश किया है जबकि बलजीत कौर ने बायें छोर पर आक्रमण को अच्छी तरह से संभाला है। भारत की मध्य पंक्ति में नेहा और सलीमा ने अच्छा खेल दिखाया है जिसमें उन्हें साक्षी राणा, सुनेलिता टोप्पो, रुतुजा और बलजीत का अच्छा सहयोग मिला है।

इन खिलाड़ियों ने दागे गोल

दीपिका का प्रदर्शन विशेष रूप से प्रभावशाली रहा है। उन्होंने पांच मैचों में आठ गोल किए हैं जो टूर्नामेंट में किसी भी खिलाड़ी के सर्वाधिक गोल हैं। उन्होंने सात गोल पेनल्टी कॉर्नर और एक मैदानी गोल किया है। मुमताज और लालरेम्सियामी ने तीन-तीन गोल किए हैं। रक्षापंक्ति में निक्की प्रधान, ज्योति, सुशीला चानू, ज्योति सिंह और लालथंटलुआंगी ने भी अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया है। अनुभवी गोलकीपर सविता पूनिया की अनुपस्थिति में बिचु देवी खारिबाम और बंसारी सोलंकी ने गोलकीपिंग की जिम्मेदारी अच्छी तरह से साझा की है। सविता को इस टूर्नामेंट से विश्राम दिया गया है।

भारतीय टीम : गोलकीपरः बंसारी सोलंकी, बिचू देवी खारीबाम। डिफेंडरः निक्की प्रधान, ज्योति, ज्योति सिंह, सुशीला चानू, लालथंटलुआंगी, पूजा साहू। मिडफील्डरः रुतुजा दादासो पिसल, सुनेलिता टोप्पो, सलीमा टेटे (कप्तान), नेहा, साक्षी राणा, बलजीत कौर, इशिका। फॉरवर्डः नवनीत कौर, दीपिका, ब्यूटी डुंगडुंग, लालरेम्सियामी, मुमताज खान।

मलेशिया ने भी अच्छा प्रदर्शन

मलेशिया ने अपने अंतिम राउंड-रॉबिन मैच में थाईलैंड पर 4-0 से जीत हासिल करके सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की। उस मैच में दो-दो गोल करने वाली नूरमिराह जुल्किफली और नूर अजहर उन खिलाड़ियों में शामिल होंगी जिन पर भारत को नजर रखने की जरूरत है। पहले सेमीफाइनल में जापान का सामना मौजूदा ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन से होगा।

खबर संक्षेप



द. कोरिया को हराकर इटली डेविस कप के सेफा में

बोलोग्ना। मैटियो बेरेटिनी और एंड्रिया वावास्सोरि की निर्णायक युगल मैच में जीत से तीन बार के मौजूदा चैंपियन इटली ने दक्षिण कोरिया को 2-1 से हराकर डेविस कप टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। एकल में दोनों टीम ने एक-एक मैच जीता था जिसके बाद बेरेटिनी और वावास्सोरि ने चुंग ह्योन और क्वोन सून-वू को 7-6 (2), 7-6 (11) से हराकर इटली को सेमीफाइनल में पहुंचाया। ऐसे हुई दक्षिण कोरिया की वापसी इससे पहले लोरेंजो मुसेटी ने हांग सेओंग-चान को 6-0, 7-6 (5) से हराकर इटली को बढ़त दिलाई लेकिन विश्व में 156वीं रैंकिंग वाले खिलाड़ी क्वोन ने फ्रेंच ओपन के उपविजेता फ्लेवियो कोबोली को 2-6, 7-6 (3), 7-6 (5) से हराकर दक्षिण कोरिया को वापसी दिलाई। डेविस कप में क्वोन की एकल में यह लगातार छठी जीत थी। सेमीफाइनल में मेजबान इटली का मुकाबला चेकिया (पूर्व नाम चेक गणराज्य) से होगा, जिसने मंगलवार को कनाडा को 2-0 से हराया था।

ऑस्ट्रेलियाई ओपन में नहीं खेलेंगे यानिक सिनर



मेलबर्न। दो बार के चैंपियन यानिक सिनर दाहिने घुटने की सर्जरी के कारण वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम टेनिस टूर्नामेंट ऑस्ट्रेलियाई ओपन में भाग नहीं लेंगे। इस टूर्नामेंट के आयोजकों ने बृहस्पतिवार को यह घोषणा की। टेनिस ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एंड्रयू अब्दो ने एसोसिएटेड प्रेस से कहा, ''हम यानिक की टीम के साथ नियमित संपर्क बनाए हुए हैं और उन्होंने पुष्टि की है कि हाल ही में हुई सर्जरी के बाद वह जनवरी में होने वाले टूर्नामेंट में नहीं खेल पाएंगे। सिनर ने जुलाई में विंबलडन के रूप में अपना पांचवां ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीतने के बाद से कोई मैच नहीं खेला है। उन्होंने 2024 और 2025 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन का खिताब जीता था।

अयान वज़ीरल्ली कतर चैलेंजर के फाइनल में



नई दिल्ली। भारत के अयान वजीरल्ली ने कतर के खिलाड़ी यूसुफ फराग को हराकर हुए दोहा में चल रहे क्यूएसएफ फाइव पीएसए चैलेंजर स्क्वाश टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। विश्व रैंकिंग में 173वें स्थान पर काबिज शीर्ष वरीयता प्राप्त वजीरल्ली ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए सेमीफाइनल में फराग को 12-10, 10-12, 11-4, 11-5 से हराया। फाइनल में भारतीय खिलाड़ी का मुकाबला मिस्र के हसन मेन्शॉवी से होगा।

दूसरा टेस्ट मैच 27 नवंबर से क्राइस्टचर्च के हेग्ले ओवल स्टेडियम में सुबह 3:30 बजे से

शुभमन के पास इतिहास रचने का मौका न्यूजीलैंड भी दमखम के साथ रोकने तैयार

नई दिल्ली/संचार जगत

भारतीय क्रिकेट टीम और न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के बीच 2 मैचों की टेस्ट सीरीज का आखिरी मुकाबला 27 नवंबर (शुक्रवार) से खेला जाएगा। भारत को अगर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाने की अपनी उम्मीद को बरकरार रखना है तो उसे न्यूजीलैंड के खिलाफ शुक्रवार से यहां शुरू होने वाले दूसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी जिससे पहले टीम प्रबंधन गेंदबाजी आक्रमण को लेकर कशमकश में है।

पहले टेस्ट की तरह यहां की पिच भी शुरू में घास वाली दिख रही है लेकिन यह बाद में बल्लेबाजों के लिए बेहतरीन साबित हो सकती है इसलिए भारतीय टीम को किसी तरह के मुगालते में नहीं रहना चाहिए। सीरीज का पहला मुकाबला ड्रॉ रहा था। क्राइस्टचर्च के हेग्ले ओवल मैदान पर होने वाले इस मुकाबले में शुभमन गिल की कप्तानी वाली टीम की नजरें इतिहास बदलने पर होंगी। भारत ने 2009 के बाद से न्यूजीलैंड की धरती पर कोई टेस्ट मैच नहीं जीता है।



न्यूजीलैंड में भारत का प्रदर्शन नहीं रहा है कुछ खास

न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट में भारत का पलड़ा भारी रहा है। दोनों टीमें कुल 66 मैचों में आमने-सामने हुई हैं, जिसमें से 22 में भारत ने जीत दर्ज की है और 16 मैच न्यूजीलैंड ने अपने नाम किए हैं। इनके अलावा 28 टेस्ट ड्रॉ पर समाप्त हुए हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ उनके घर पर खेलते हुए भारत ने 5 टेस्ट में जीत दर्ज की है और 10 में हार झेली है। इस बीच 11 टेस्ट ड्रॉ रहे हैं।

ऐसी हो सकती है प्लेइंग इलेवन

दूसरे टेस्ट में भारतीय टीम अपने प्लेइंग इलेवन में बड़ा बदलाव कर सकती है। पहले मुकाबले में प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे प्रसिद्ध कृष्णा की जगह तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को मौका मिल सकता है।

भारत एकादश : केएल राहुल, यशस्वी जायसवाल, देवदत्त पडिक्कल, शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), वॉशिंगटन सुंदर, ध्रुव जुरेल, आकाश दीप, अंशुल कंबोज, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज।

न्यूजीलैंड एकादश: टॉम लैथम (कप्तान), डेवोन कॉनवे, हेनरी निकोल्स, रचिन रवींद्र, डेरिल मिचेल, टॉम ब्लंडेल (विकेटकीपर), ग्लेन फिलिप्स, नाथन स्मिथ, काइल जैमीसन, मैट हेनरी और जैकब डफी।

कैसी रहती है हेग्ले ओवल की पिच?

हेग्ले ओवल की पिच में पारंपरिक रूप से पहले दिन के दौरान तेज गेंदबाजों को मदद मिलती है और मैच के आगे बढ़ने के साथ में बल्लेबाज इसका फायदा उठा सकते हैं। यहां स्पिनरों को ज्यादा मदद मिलने का रिकॉर्ड नहीं है। ऐसे में गेंदबाजों को विकेट के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ सकती है और मैच का परिणाम आखिरी दिन में देखने को मिल सकता है। हाउस्टेट के मुताबिक, यहां पर पहली पारी का औसत स्कोर 271 रन है।

कैसा रहेगा क्राइस्टचर्च का मौसम?

क्राइस्टचर्च में टेस्ट के पांचों दिन बारिश की ज्यादा संभावना नहीं है। एक्यूवेदर के मुताबिक, इन 5 दिनों में अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है, जबकि न्यूनतम तापमान की बात करें तो उसके 10 डिग्री सेल्सियस तक रहने की उम्मीद है।

इन खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर रहेगी नजर

न्यूजीलैंड के लिए कॉनवे ने पिछले 10 मैचों में 58.47 की औसत से 994 रन बनाए हैं। वहीं, रचिन के नाम 66.15 की औसत से 860 रन दर्ज हैं। भारत के लिए राहुल ने पिछले 10 मैचों में 52.8 की औसत से 792 रन बनाए हैं, जबकि यशस्वी ने पिछले 10 मैच में 41.63 की औसत से 666 रन जोड़े हैं। न्यूजीलैंड के हेनरी ने पिछले 6 मैच में 33 और सिराज ने 9 मैच में 31 विकेट लिए हैं।

सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन

त्रीसा-गायत्री जीती, क्वार्टर फाइनल में चार भारतीय महिला खिलाड़ी



नई दिल्ली/संचार जगत

त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने सीधे गेम में जीत दर्ज करके अपना खिताब बचाने की दिशा में एक और कदम बढ़ाया जबकि चार अन्य भारतीय महिला खिलाड़ियों ने भी बृहस्पतिवार को यहां सैयद मोदी इंडिया अंतरराष्ट्रीय सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। अगस्त में विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाली त्रीसा और गायत्री की जोड़ी ने एकतरफा मुकाबले में श्रेया बालाजी और प्रणवी नटराजन की हमवतन जोड़ी को 21-9, 21-8 से हराया।

महिला एकल खिलाड़ियों का ऐसा रहा प्रदर्शन

महिला एकल में दूसरी वरीय तन्वी शर्मा, तीसरी वरीय उन्नति हुड्डा, अनमोल खरब और तस्नीम मीर ने अलग-अलग अंदाज में जीत दर्ज करके अंतिम आठ में जगह बनाई। तन्वी ने एक गेम से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए इंडोनेशिया की मुटियारा आयु पुस्पितासारी को एक घंटे आठ मिनट तक चले मुकाबले में 18-21, 21-18, 21-18 से हराया।

उन्नति-तस्नीम ने किया उलटफेर

उन्नति ने अमेरिका की इशिका जायसवाल को 21-14, 21-18 से शिकस्त दी जबकि तस्नीम ने उलटफेर करते हुए छठी वरीयता प्राप्त स्कॉटलैंड की कर्स्टी गिल्मोर को 21-19, 21-15 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। अनमोल ने दूसरे दौर के मुकाबले में इस साल कोरिया मास्टर्स का खिताब जीतने वाली अपनी हमवतन और पांचवीं वरीयता प्राप्त अश्मिता चालिहा को 21-16, 21-15 से हराया।

आईपीएल

एमआई की एक शर्त ने पांड्या के पूरे सौदे पर पानी फेरा



नई दिल्ली/संचार जगत

इंडियन प्रीमियर लीग 2027 से पहले स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या को मुंबई इंडियंस से अपनी टीम में शामिल करने के राजस्थान रॉयल्स का प्रयास अंतिम समय में विफल हो गए। दोनों फ्रेंचाइजियों के बीच इस बड़े ट्रेड को लेकर बातचीत काफी आगे बढ़ चुकी थी, लेकिन एमआई की एक शर्त ने पूरे सौदे पर पानी फेर दिया। इसके बाद पंजाब किंग्स ने एमआई से बातचीत का सौदे को अंतिम रूप दिया।

एमआई और आरआर के बीच नहीं बनी बात

टीओआई की रिपोर्ट के अनुसार, आरआर के मुख्य कोच कुमार संगाकारा ने इस सौदे को अंतिम रूप देने के लिए बेंगलुरु जाकर एमआई के प्रतिनिधियों और आरआर के मालिकों के साथ बैठक भी की थी। प्रस्तावित स्वैप डील में यशस्वी जायसवाल को एमआई में भेजा जाना था। हालांकि, एमआई ने यह स्पष्ट शर्त रख दी कि वे हार्दिक को तभी रिलीज करेंगे जब आरआर जायसवाल के साथ इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को भी इस सौदे में शामिल करे।

आरआर ने ठुकराई एमआई की यह मांग

रिपोर्ट्स के अनुसार, आरआर ने आईपीएल 2027 के लिए जोफ्रा आर्चर को 12.5 करोड़ रुपये में रिटेन किया था। टीम में आर्चर की अहमियत को देखते हुए आरआर ने मुंबई की इस मांग को ठुकरा दिया और बातचीत से पीछे हटने का फैसला किया।

एमआई ने पीबीकेएस के साथ किया सौदा

आरआर के साथ सौदा टूटने के बाद हार्दिक का भविष्य अधर में लटक गया था, लेकिन पीबीकेएस के साथ एक नया रास्ता खुल गया। आधिकारिक तौर पर यह घोषणा की गई कि हार्दिक को तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह के बदले पीबीकेएस में ट्रेड कर दिया गया है। अब हार्दिक की सैलरी बढ़कर 18 करोड़ रुपये हो गई है, जो एमआई की 16.35 करोड़ रुपये से अधिक है। अर्शदीप की सैलरी 18 करोड़ रुपये बरकरार रखी गई है।

आडवाणी क्रूसिबल कप जीतने वाले पहले भारतीय बने


नई दिल्ली। पंकज आडवाणी प्रतिष्ठित क्रूसिबल कप स्नूकर टूर्नामेंट जीतने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। उन्होंने ब्रिटेन के रीडिंग में स्नूकर 900 प्रारूप में खेले गए इस टूर्नामेंट के फाइनल में माल्टा के पूर्व पेशेवर खिलाड़ी टोनी ड्रैगो को 6-0 से हराया। मौजूदा विश्व बिलियर्ड्स चैंपियन आडवाणी ने अपने पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विश्व स्नूकर चैंपियन नील रॉबर्टसन को 5-2 से हराया। इसके बाद भारतीय खिलाड़ी ने जो पेरी को 5-1 से आसानी से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। पेरी ने मौजूदा विश्व स्नूकर चैंपियन वू यिजे को 5-0 से करारी शिकस्त देकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया था। एक अन्य सेमीफाइनल में ड्रैगो ने बड़ा उलटफेर करते हुए रॉनी ओसुलिवन को 5-3 से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी।



जनवरी के पहले सप्ताह में शुरू होगी हॉकी इंडिया लीग, नीलामी सात दिसंबर को

नई दिल्ली/संचार जगत

हीरो हॉकी इंडिया लीग जनवरी के पहले सप्ताह में शुरू होगी जबकि खिलाड़ियों की नीलामी सात दिसंबर को होगी। पुरुषों की प्रतियोगिता में छह फ्रेंचाइजी टीम जबकि महिलाओं के वर्ग में चार फ्रेंचाइजी टीम भाग लेंगी, जिसमें घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। इस लीग के लिए जारी किए गए कार्यक्रम के अनुसार किसी भी फ्रेंचाइजी को 29 नवंबर तक अन्य फ्रेंचाइजी को अपने पसंदीदा खिलाड़ियों के बारे में सूचित करना होगा।



ट्रेडिंग विंडो 29 नवंबर से 2 दिसंबर तक खुलेगी

आधिकारिक ट्रेडिंग विंडो 29 नवंबर को दोपहर 12 बजे खुलेगी और दो दिसंबर को सुबह 10 बजे बंद होगी। इसके बाद फ्रेंचाइजी को दो दिसंबर को दोपहर 12 बजे तक अपनी अंतिम टीम की सूची जमा करनी होगी। उसी दिन शाम को नीलामी में शामिल खिलाड़ियों की सूची फ्रेंचाइजी को दी जाएगी। इसके बाद फ्रेंचाइजी को तीन दिसंबर को शाम पांच बजे तक उन खिलाड़ियों की सूची जमा करनी होगी जिन्हें वह नीलामी में रखना चाहते हैं।

खिलाड़ियों की वेतन सीमा निर्धारित

नए सत्र के लिए पुरुषों की प्रतियोगिता में वेतन सीमा प्रति फ्रेंचाइजी चार करोड़ रुपये जबकि और महिलाओं की प्रतियोगिता में प्रति फ्रेंचाइजी में दो करोड़ रुपये निर्धारित की गई है। नीलामी में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के लिए आधार मूल्य दो लाख रुपये, पांच लाख रुपये और 10 लाख रुपये होगा।

सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टी20 टूर्नामेंट

राजस्थान ने छह विकेट से जीत दर्ज कर सुपर लीग में बनाई जगह

नई दिल्ली/संचार जगत

सलामी बल्लेबाज अभिषेक तोमर के अर्धशतक और तेज गेंदबाजों दीपक चाहर तथा अराफात खान की शानदार गेंदबाजी की बदौलत राजस्थान ने बृहस्पतिवार को यहां सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टी20 टूर्नामेंट के ग्रुप ए के अपने आखिरी मुकाबले में बंगाल को छह विकेट से हराकर सुपर लीग चरण में जगह बना ली।

बंगाल की टीम बल्लेबाजों के निराशाजनक प्रदर्शन के कारण 20 ओवर में नौ विकेट पर 157 रन ही बना सकी। इस हार के साथ ही अगले चरण में पहुंचने की उसकी उम्मीदें भी समाप्त हो गईं। चाहर (13 रन पर तीन विकेट) और अराफात (36 रन पर तीन विकेट) ने राजस्थान के लिए तीन-तीन विकेट चटकाए। राजस्थान ने लक्ष्य को महज 16.4 ओवर में चार विकेट पर 162 रन बनाकर हासिल कर लिया।



राजस्थान को मिले चार अंक

इस जीत से राजस्थान को चार महत्वपूर्ण अंक मिले और उसने 20 अंक के साथ सुपर लीग में जगह पक्की की। चारों ग्रुप से दो-दो टीम आठ टीम के सुपर लीग चरण के लिए क्वालीफाई करती हैं। बड़ौदा ने पिछले मुकाबले में ही अगले चरण में अपनी जगह सुनिश्चित कर ली थी। उसने पांच जीत और दो हार के साथ राजस्थान के समान 20 अंक हासिल किए। यह हार बंगाल के लिए विशेष रूप से निराशाजनक रही जिसे क्वालीफाई करने के लिए जीत की जरूरत थी।

मुंबई ने उत्तराखंड को 86 रन से हराया, ग्रुप चरण में अजेय रहा

कोलकाता। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में सूर्यकुमार यादव की कप्तानी वाली मुंबई टीम ने जीत का छक्का लगा दिया है। मुंबई ने उत्तराखंड पर 86 रनों की बड़ी जीत हासिल की। सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में मुंबई ने जीत का 'सिक्स' लगा दिया है। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में गुरुवार को मुंबई ने उत्तराखंड को 86 रनों के बड़े अंतर से हरा दिया। यह इस टूर्नामेंट में मुंबई की 7 मैचों में छठी जीत है, उसका एक मैच रद्द हो गया था। सूर्या की कप्तानी वाली मुंबई अभी तक एक भी मैच नहीं हारी है।

मुंबई ने खड़ा किया 209 रन का स्कोर : गुरुवार को खेले गए मैच में मुंबई की टीम पहले बल्लेबाजी करने उतरी और स्कोरबोर्ड पर 209 रन लगा दिए. हालांकि वह पूरे 20 ओवर भी बैटिंग नहीं कर पाई थी. सलामी बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी ने 51 रन और मुशीर खान ने 65 रनों का योगदान दिया।

राजस्थान में शीतलहर की दस्तक



संचार जगत

जयपुर। राजस्थान में नवंबर के आखिरी सप्ताह के साथ ही सर्दी ने अपने तीखे तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। प्रदेश में इस सीजन का सर्दी का पहला बड़ा अटैक होने जा रहा है और आज से राज्य के कई हिस्सों में शीतलहर की दस्तक होने की संभावना है। एक तरफ जहां उत्तरी और शेखावाटी के इलाकों में कड़ाके की ठंड ने लोगों की कंपकंपी छुड़ा दी है, वहीं पश्चिमी राजस्थान में दिन के समय अभी भी हल्की गर्मी का अहसास बना हुआ है। 30 नवंबर तक राजस्थान के तीन प्रमुख संभागों में शीतलहर चलने का अलर्ट है। इस दौरान शेखावाटी, अजमेर और कोटा संभाग के जिलों में सर्द हवाएं चलेंगी, जिससे सुबह और रात के समय ठिठुरन काफी बढ़ जाएगी। उत्तर भारत से आ रही ठंडी हवाओं के असर से इन तीनों संभागों में न्यूनतम तापमान सामान्य से 2 से 5 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया जा रहा है, जिससे सर्दी का असर और अधिक महसूस हो रहा है। आगामी दिनों में ठंड के और बढ़ने के आसार हैं। शीतलहर के प्रभाव से शेखावाटी क्षेत्र के जिलों में न्यूनतम तापमान 4 से 6 डिग्री सेल्सियस के बीच पहुंच सकता है। वहीं, अजमेर और कोटा संभाग के इलाकों में रात का पारा 8 से 11 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। हालांकि, इन तीन संभागों को छोड़कर प्रदेश के अन्य अधिकांश हिस्सों में फिलहाल न्यूनतम तापमान सामान्य के आसपास ही दर्ज किया जा रहा है। राहत की बात यह है कि प्रदेश में फिलहाल मावठ या बारिश की कोई संभावना नहीं है। अगले 10 दिनों तक राजस्थान के अधिकांश भागों में मौसम पूरी तरह शुष्क रहने का अनुमान है। इस अवधि के दौरान दिन और रात के तापमान में किसी बड़े या विशेष बदलाव की संभावना नहीं है।

श्रीगंगानगर रेलवे ट्रैक ब्लास्ट में हुआ बड़ा खुलासाः एनआईए को सौंपी जांच

संचार जगत



श्रीगंगानगर। श्रीगंगानगर के रामसिंहपुर रेलवे ट्रैक ब्लास्ट मामले में बड़ा पाकिस्तान कनेक्शन सामने आया है। पुलिस पूछताछ में गिरफ्तार मास्टरमाइंड महकदीप, देवेंद्र सिंह और हरप्रीत सिंह ने खुलासा किया कि पाकिस्तान में बैठे चाचा और शाह ने पंजाब के गुरदासपुर और राजस्थान के जैसलमेर में आईईडी गिराए थे। मामले की गंभीरता और आतंकी साजिश को देखते हुए केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जांच एनआईए को सौंप दी है। आरोपियों के इस नए खुलासे के बाद राजस्थान और पंजाब की सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह सक्रिय और अलर्ट हो गई हैं। आरोपियों ने पूछताछ में स्वीकार किया है कि इस वारदात को अंजाम देने के लिए विस्फोटक सामग्री यानी आईईडी पाकिस्तान से भेजे गए थे। पाकिस्तान की ओर से यह विस्फोटक केवल एक जगह नहीं, बल्कि पंजाब के गुरदासपुर और राजस्थान के सरहदी जिले जैसलमेर में गिराए गए थे। इसके बाद स्थानीय नेटवर्क के जरिए इन विस्फोटकों को रामसिंहपुर तक पहुंचाया गया और रेलवे ट्रैक को निशाना बनाने की बड़ी साजिश रची गई। रामसिंहपुर रेलवे ट्रैक ब्लास्ट मामले में पाकिस्तान कनेक्शन सामने आने के बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इसे बेहद गंभीरता से लिया है।

असदुद्दीन ओवैसी-चंद्रशेखर एक मंच पर आकर दिखाई ताकत

संचार जगत



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर राजनीतिक दलों ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। चुनाव से पहले असदुद्दीन ओवैसी और चंद्रशेखर आजाद ने लखनऊ में एक मंच पर आकर सियासी ताकत दिखाई। आजाद समाज पार्टी और एआईएमआईएम के गठबंधन सामाजिक परिवर्तन मोर्चा की पहली बड़ी संयुक्त रैली में दोनों नेताओं ने एक साथ मंच साझा किया। रमाबाई अंबेडकर मैदान में आयोजित बहुजन स्वराज संकल्प महारैली में दलित और मुस्लिम एकजुटता का संदेश देने के साथ सत्ता में भागीदारी का नारा बुलंद किया गया। रैली स्थल पर लगे पोस्टरों में दलित का बेटा मुख्यमंत्री बनेगा और अब्दुल का बेटा उपमुख्यमंत्री बनेगा का नारा प्रमुखता से नजर आया।

शासन सचिवालय में मनाया गया संविधान दिवस

संचार जगत



जयपुर। संविधान दिवस के अवसर पर शासन सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान संविधान दिवस के महत्व एवं भारतीय संविधान की गौरवशाली यात्रा पर आधारित संक्षिप्त वीडियो डॉक्यूमेंट्री प्रदर्शित की गई। इसके पश्चात मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने भी संविधान की प्रस्तावना का वाचन करते हुए संविधान में निहित लोकतांत्रिक मूल्यों, आदर्शों एवं मूल कर्तव्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम में भारतीय संविधान की गरिमा, उसके मूल सिद्धांतों तथा लोकतांत्रिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में प्रत्येक नागरिक एवं लोकसेवक की भूमिका के महत्व को रेखांकित किया गया।

डी.के. शिवकुमार ने प्रदर्शनकारी कार्यकर्ताओं से आंदोलन समाप्त करने की अपील

मुख्यमंत्री ने आशा कार्यकर्ताओं से की सरकार को ब्लैकमेल न करने की अपील

संचार जगत



बेंगलुरु। फ्रीडम पार्क में आशा कार्यकर्ताओं का दिन-रात के धरने को दस दिन हो गए हैं। इस बीच, कर्नाटक के मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने प्रदर्शनकारी कार्यकर्ताओं से आंदोलन समाप्त करने की अपील करते हुए कहा कि वे सरकार को ब्लैकमेल करने की कोशिश न करें और अपनी मांगों को लेकर लचीला रुख अपनाएं। शिवकुमार ने प्रदर्शनकारी महिलाओं को सरकार पर भरोसा रखने की अपील की और आश्वासन दिया कि उनकी मांगों का समाधान किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार आशा कार्यकर्ताओं के कल्याण को लेकर चिंतित है और उनकी मांगों का समाधान निकालने के लिए प्रयास कर रही है। हालांकि, उन्होंने आंदोलन जारी रखने के बजाय बातचीत और सहयोग का रास्ता अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि सरकार को धमकाने की कोशिश न करें। आप अपनी मांगें रख सकती हैं और हम उन्हें समझ सकते हैं। मैं यह नहीं कह रहा हूं कि हम आपकी मांगें पूरी नहीं करेंगे। आपको हम पर भरोसा करना होगा। मुख्यमंत्री ने सवाल उठाया कि यदि हर संगठन और समूह अपनी मांगों को लेकर सड़कों पर धरना देने लगे तो स्थिति कैसे संभाली जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार की जिम्मेदारी सभी लोगों के कल्याण को सुनिश्चित करना है। मुख्यमंत्री के तौर पर मैं अपनी बहनों से विनम्र अपील करता हूं कि वे आंदोलन वापस लें। मैं उनकी समस्याओं का समाधान करूंगा।

खड़गे ने पीएम मोदी को दी सत्ता छोड़ने की सलाह



संचार जगत

लखनऊ। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने केंद्र की भाजपा सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की जनता ने भाजपा के अश्वमेध के घोड़े को रोक दिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री पहले अबकी बार 400 पार का नारा देते थे लेकिन जनता ने ऐसा सबक सिखाया कि अब उनकी बोलती बंद हो गई है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि मोदी सरकार दो सहयोगियों के सहारे खड़ी है। एक पैर तेलुगु देशम पार्टी का और दूसरा नीतीश कुमार का है। ये दोनों पैर हट गए तो सरकार लड़खड़ा जाएगी। संविधान दिवस के अवसर पर आयोजित पार्टी के कार्यक्रम में खड़गे ने कहा कि भाजपा ने 400 सीटें जीतने के दावे के साथ अश्वमेध का घोड़ा छोड़ा था लेकिन उत्तर प्रदेश के लोगों ने उसे पकड़ लिया। अब प्रधानमंत्री को सत्ता छोड़ने के बारे में सोचना चाहिए। खड़गे ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के साथ मिलकर विपक्ष के वोटों को प्रभावित करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि जब तक मोदी और ज्ञानेश कुमार अपने पदों पर बने रहेंगे, तब तक निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव की उम्मीद करना मुश्किल है। कांग्रेस अध्यक्ष ने चेतावनी दी कि यदि विपक्ष के समर्थकों के वोट काटने की कोशिश की गई तो देश का नौजवान इसके खिलाफ संघर्ष करेगा।

यूक्रेन ने किया हमला, रूस ने भी किया पलटवार


संचार जगत



मॉस्को। रूस और यूक्रेन के बीच जारी जंग में हमलों का सिलसिला और तेज हो गया है। यूक्रेन ने दावा किया है कि उसने रूस के एक बड़े सैन्य एयरबेस पर हमला कर पांच लड़ाकू विमानों को तबाह कर दिया है। यह हमला मॉस्को के पूर्व में निजनी नोवगोरोड क्षेत्र में स्थित सवास्लेयका एयरबेस पर किया गया। यूक्रेन के मुताबिक, हमले में तीन एमआईजी-31 और दो एसयू-34 विमान निशाने पर आए। इनमें से कुछ विमानों का इस्तेमाल रूस युद्ध में करता है। दूसरी तरफ रूस ने भी यूक्रेन की राजधानी कीव पर बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया, जिसमें एक शॉपिंग सेंटर और दूसरी इमारतों को नुकसान पहुंचा है। यूक्रेन के जनरल स्टाफ ने बताया कि उसकी सेना ने लंबी दूरी तक हमला करने वाले हथियारों की मदद से सवास्लेयका एयरबेस को निशाना बनाया। यूक्रेन का कहना है कि इस हमले का मकसद रूस की सैन्य क्षमता को कमजोर करना है। दूसरी तरफ रूस ने भी यूक्रेन की राजधानी कीव पर बड़ा हमला करते हुए बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। कीव के मेयर विताली क्लिचको के मुताबिक, मिसाइलें शहर के एक शॉपिंग सेंटर और दो अन्य इमारतों से टकराईं। हमले के बाद शहर में जोरदार धमाकों की आवाज सुनी गई। मेयर ने लोगों को सुरक्षित जगहों और बंकरों में रहने की सलाह दी। इस बीच अमेरिका ने यूक्रेन को एफ-16 लड़ाकू विमानों के रखरखाव से जुड़े उपकरण और सेवाएं बेचने की संभावित मंजूरी दी है।

जेडीए आयुक्त ने किया राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन का निरीक्षण

संचार जगत



जयपुर। जयपुर विकास आयुक्त सिद्धार्थ महाजन ने राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन 181 की कार्यप्रणाली का निरीक्षण किया। उन्होंने जयपुर विकास प्राधिकरण से संबंधित परिवादों के निस्तारण की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को जनसमस्याओं का समयबद्ध, पारदर्शी और संवेदनशील समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

महाजन ने कहा कि राजस्थान संपर्क आमजन की सेवा, सुविधा और समस्या समाधान का महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर परिवादों की विस्तृत समीक्षा करने तथा लंबित प्रकरणों का प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कर्मचारियों से संबंधित शिकायतों की भी गंभीरता से समीक्षा करने के निर्देश दिए। महाजन ने स्वयं परिवादियों से बातचीत कर उनकी शिकायतों के संबंध में जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई कर राहत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने शिकायतों के विश्लेषण में एआई के उपयोग के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मानवीय विवेक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के समन्वय से शिकायत निस्तारण की प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाया जाना चाहिये।

जवाहर कला केंद्र में लोकमंथन 2026 का पांचवा राष्ट्रीय संस्करण आयोजित किया जाएगा

लोक संस्कृति का आइना है लोकमंथनः चार से छह दिसंबर तक जेकेके में होगा आयोजन

कला और संस्कृति का सजेगा कैनवास

संचार जगत



जयपुर। जयपुर के 299वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में जवाहर कला केंद्र में लोकमंथन 2026 का पांचवा राष्ट्रीय संस्करण आयोजित किया जाएगा। चार से छह दिसंबर तक होने वाले इस समारोह के जरिए प्रदेश की समृद्ध लोक संस्कृति, परंपराओं, लोक कलाओं, भाषाओं और पारंपरिक ज्ञान को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पहचान मिलेगी। उपमुख्यमंत्री एवं कला-संस्कृति मंत्री दिया कुमारी के अनुसार लोकमंथन की मेजबानी राजस्थान के लिए गौरव का विषय है। हम भारत के लोग थीम पर होने वाले लोकमंथन का उद्देश्य नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ना और भारतीय विरासत का संरक्षण एवं संवर्धन करना है। लोकमंथन के संदेश को गांव-ढाणियों तक पहुंचाने के लिए राजस्थान में तीन चरणों में लोक दर्शन यात्रा आयोजित की गई। इस यात्रा ने करीब 8 हजार किलोमीटर का सफर तय कर प्रदेश के सभी 41 जिलों और सैकड़ों गांवों को जोड़ा। यात्रा के दौरान लोकगीत, लोकनृत्य, हस्तशिल्प प्रदर्शनी, महिला सम्मेलन, युवा संवाद और ग्राम दर्शन जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनसे ग्रामीण प्रतिभाओं और स्थानीय कलाकारों को मंच मिला। यह आयोजन केवल भाषण आधारित नहीं होगा, बल्कि संवादात्मक सत्र के जरिये युवा और महिलाएं अपने विचार रख सकेंगे। दरअसल लोक मंथन लोक से लोक चेतना, लोक चेतना से लोक शक्ति और लोक शक्ति से राष्ट्र शक्ति के मंत्र को साकार करने का प्रयास है। जवाहर कला केंद्र, जयपुर में होने वाले लोक मंथन में



उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन मुख्य अतिथि होंगे। इस आयोजन में देश-विदेश के प्रतिनिधि, लोक कलाकार, पारंपरिक ज्ञान के विशेषज्ञ और युवा भाग लेंगे। छह प्रमुख क्षेत्रों में 24 समानांतर सत्रों के माध्यम से भारतीय समाज, विज्ञान, कला, मौखिक परंपराओं, खेल और जयपुर की 300 वर्ष पुरानी विरासत पर विमर्श होगा। इस आयोजन की तैयारियां तेज हो गई हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जवाहर कला केंद्र में विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भूमि पूजन किया और हवन में पूर्णाहुति अर्पित कर आयोजन की सफलता की मंगलकामना की। इस दौरान उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी सहित कई जनप्रतिनिधि और गणमान्यजन मौजूद रहे। यह आयोजन केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि भारत की सनातन सांस्कृतिक चेतना, समृद्ध लोकजीवन और गौरवशाली परंपराओं को करीब से जानने और समझने का बड़ा मंच बनने जा रहा है। देशभर की लोक कलाएं, साहित्य, संस्कृति और विभिन्न वैचारिक धाराएं यहां एक मंच पर नजर आएंगी। आयोजन का उद्देश्य सांस्कृतिक विविधता को एक सूत्र में पिरोते हुए एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना को और मजबूत करना है।

पुलिस कमिश्नर थाना खोरा बिसल पर करेंगे जनसुनवाई



संचार जगत

जयपुर। आमजन में विश्वास और अपराधियों में भय कायम रखने के लिए जयपुर पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल कल दोपहर 11.30 से 1.30 बजे तक पुलिस थाना खोरा बिसल पर जनसुनवाई करेंगे। इस दौरान झोटवाड़ा सर्किल के खोरा बिसल, झोटवाड़ा, करधनी, मुरलीपुरा और कालवाड़ थानों के परिवादियों की जनसुनवाई की जाएगी। जनसुनवाई का उद्देश्य संबंधित क्षेत्र के परिवादियों की परिवेदनाओं का तुरंत निस्तारण करते हुए आमजन को राहत पहुंचाना है।

स्वामित्व, प्रकाशक एवं संपादक : अवंतिका राठौड़ - पी.के. प्रिंटर्स एंड स्टेशनर्स, 31, राम मंदिर के पास, पटेल नगर, 22 गोदाम, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यालय : जे-17, रमेश मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर। संपर्क : 0141 463 7668
ई-मेल : sancharjagat@gmail.com| आरएनआई नं. : RAJHIN/2014/55262 समाचार चयन के लिए पीआरबी अधिनियम के तहत जिम्मेदार। न्यायाधिकार क्षेत्र : जयपुर महानगर।